एनटीपीसी
NTPC

समझौता ज्ञापन

MOU

# विद्युत मंत्रालय

## भारत सरकार

और

# एनटीपीसी लिमिटेड

*भारत सरकार का उद्यम*

के बीच

## समझौता ज्ञापन

# 2011-12

**विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार**

**और**
**एनटीपीसी लिमिटेड**
**के बीच समझौता ज्ञापन 2011-2012**

**भाग-I**

**हमारी दृष्टि**

"भारत के विकास को शक्ति देते हुए विश्व का सबसे बड़ा और सर्वोत्तम विद्युत उत्पादक होना"।

**लक्ष्य**

प्रतिस्पर्धी मूल्यों पर विश्वनीय विद्युत, संबद्ध उत्पाद और सेवाएं विकसित और प्रदान करना, अभिनव और पारिस्थितिकी -अनुकूल प्रौद्योगिकियों से बहु ऊर्जा स्रोतों का एकीकरण और समाज को योगदान।

**उद्देश्य**

उपर्युक्त दृष्टि और लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आठ मुख्य कारपोरेट उद्देश्यों को अभिज्ञात किया गया है।

***व्यवसाय पोर्टफोलियो विकास***

- भारत में अग्रणी ताप विद्युत उत्पादन कंपनी के रूप में एनटीपीसी की स्थिति और सुदृढ़ करना तथा जल विद्युत क्षेत्र में उपस्थिति दर्ज करना
- दीर्घावधिक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने और ईंधन संबंधी जोखिमों को समाप्त करने के लिए पारंपरिक और अपारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का मूल्यांकन करके उत्पादन मिश्रण का आधार व्यापक बनाना।
- विद्युत व्यापार, पारेषण, वितरण, कोयला खनन, कोयला संरक्षण आदि जैसे क्षेत्रों में पश्चवर्ती और अग्रवर्ती एकीकरण पर विचार करके भारत में विद्युत की महत्व श्रृंखला में विविधीकरण लाना।
- अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में उत्पादन परिसंपत्तियों का पोर्टफोलियो विकसित करना।
- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सुदृढ़ सेवा ब्रांड स्थापित करना।

*ग्राहक को प्रधानता*

- गुणवत्तापूर्ण विद्युत की आपूर्ति के लिए एक अधिमान्य ब्रांड होने के लिए विकसित होते हुए ग्राहकों के साथ कार्य करने की सहयोगपूर्ण शैली विकसित करना
- विद्युत की आपूर्ति के अतिरिक्त सेवाओं अर्थात व्यापार, ऊर्जा परामर्श, वितरण परामर्श, प्रबंध व्यवहारों का एक समूह प्रदान करते हुए मौजूदा ग्राहकों के साथ संबंधों का विस्तार करना।
- खुदरा वितरण और प्रत्यक्ष आपूर्ति के साथ-साथ अनुप्रवाह व्यवसाय में लाभदायक विविधीकरण के माध्यम से भावी ग्राहक पोर्टफोलियो का विस्तार करना।
- ग्राहक के हितों के लिए पर्याप्त चिंता करते हुए ग्राहक-विशिष्ट सूचना का प्रयोग करते हुए तीव्र वाणिज्यिक निर्णय लेना सुनिश्चित करना।

*दक्ष कारपोरेशन*

- निम्नलिखित द्वारा व्यावसायिक निर्णयों में प्रभावोत्पादकता और व्यावसायिक वातावरण में परिवर्तनों के लिए प्रतिक्रियाशीलता सुनिश्चित करना;
  - नए व्यावसायिक विकास के प्रति पोर्टफोलियो दृष्टिकोण अपनाना
  - अवसरों और खतरों को अभिज्ञात करने और प्रतिक्रियाशील रहने के लिए व्यावसायिक वातावरण का निरंतर और समन्वित आकलन।
- वर्तमान और भावी व्यवसाय में ज्ञान-आधारित प्रतिस्पर्धी तीव्रता रखते हुए एक जानकारी ग्रहणकर्ता संगठन विकसित करना।
- संगठन में तीव्र निर्णय लेना सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी रूप से उन्नयन

*कार्यनिष्पादन नेतृत्व*

- उत्पादन में दीर्घावधिक प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने के लिए परियोजना निष्पादन अवधि और लागत में निरंतर सुधार करना।
- उपलब्धता, विश्वसनीयता, क्षमता, उत्पादकता और लागत के संबंध में विश्व में सर्वोत्तम चालित संगठनों के अनुरूप एनटीपीसी के स्टेशनों का प्रचालन और अनुरक्षण

- प्रक्रिया क्षमता प्रेरित करने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी का प्रभावी रूप से उन्नयन।
    - विविधीकरण व्यवसाय में कार्यनिष्पादन उत्कृष्टता का लक्ष्य बनाना।
    - सभी प्रणालियों और प्रक्रियाओं में गुणवत्ता अंतःस्थापित करना।

***मानव संसाधन विकास***

- उद्देश्य और एक मुक्त कार्यनिष्पादन प्रबंध प्रणाली को सांस्थानिक बनाकर संगठनात्मक कार्यनिष्पादन में वृद्धि करना।
- वैयक्तिक और संगठनात्मक आवश्यकताओं को एकरूप बनाना और जीवनवृत्ति विकास प्रणाली कार्यान्वित करके व्यावसायिक नेतृत्व विकसित करना।
- उच्च कार्यनिष्पादन को मान्यता देते और पुरस्कृत करते हुए कर्मचारियों की प्रतिबद्धता में वृद्धि करना।
- दक्ष विश्व-स्तरीय व्यावसायिकविदों का एक ज्ञानवान संगठन निर्मित करना और बनाए रखना।
- मूल मान्यताओं को सांस्थानिकीकृत करना और दल-निर्माण, अधिकारिता, समानता, नवीनता और खुलेपन की संस्कृति सृजित करना, जो कर्मचारियों को प्रेरित करेगी और महत्वपूर्ण उद्देश्यों की उपलब्धि में समर्थ बनाएगी।

***वित्तीय सुदृढ़ता***

- वित्तीय संसाधनों के विवेकपूर्ण प्रबंधन द्वारा एनटीपीसी की वित्तीय सुदृढ़ता बनाए रखना और उसे सुधारना
- घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में अवसरों का उन्नयन करते हुए लगाई गई निधियों के विवेकपूर्ण प्रबंधन के माध्यम से पूंजी लागत कम करने का निरंतर प्रयास करना।
- उपयुक्त वाणिज्यिक नीतियां और प्रक्रियाएं विकसित करना, जो लाभकारी टैरिफ सुनिश्चित करेंगी और प्राप्तव्यों को न्यूनतम करेंगी।
- प्रचालन पद्धतियों को सुधारकर विद्युत उत्पादन की लागत में कमी के लिए निरंतर प्रयास करना।

***सतत विद्युत विकास***

- नैगम सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए सतत विद्युत विकास में योगदान करना।
- प्रभावी राख-उपयोगिता, चहुंमुखी विकास और ऊर्जा संरक्षण पद्धतियों सहित पुनर्स्थापन और पुनर्वास तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्रों में क्षेत्र का नेतृत्व करना।
- नीति समर्थन के प्रयासों में सुधार, ग्राहकों की सहायता करने, विद्युत संयंत्रों के प्रचालन और प्रबंधन में सर्वोत्तम पद्धतियां प्रचारित करने आदि के माध्यम से भारतीय विद्युत क्षेत्र में विकासात्मक प्रयासों का नेतृत्व करना।

***अनुसंधान और विकास***

- वैकल्पिक ईंधनों और प्रौद्योगिकियों में आधारभूत और अनुप्रयुक्त अनुसंधान करके विश्वसनीय, सक्षम और लागत-प्रभावी प्रौद्योगिकियां अनपाने का पथप्रदर्शन करना।
- विद्युत संयंत्र के निर्माण और प्रचालन में नवीनतम तकनीकों का अनुसंधान और विकास करना, जिनसे देश में विद्युत संयंत्रों का अधिक सक्षम, विश्वसनीय और पर्यावरण अनुकूल प्रचालन हो सके।
- क्षेत में अन्य संगठनों को प्रौद्योगिकियों का प्रसार करना और दीर्घावधि में मालिकाना प्रौद्योगिकियों के माध्यम से राजस्व सृजित करना।

## भाग-II

# वर्ष 2011-12 के लिए एनटीपीसी का कार्यनिष्पादन लक्ष्य

**वर्ष 2011-12 के लिए कारपोरेशन के कार्यनिष्पादन का मूल्यांकन करने के प्रयोजनार्थ विभिन्न पैरामीटरों को समनुदेशित पैमाना तथा साथ ही भार भी नीचे दिए गए हैं:**

| पैरामीटर | यूनिट | भार | पैरामीटर का पैमाना | | | | | ब.अ./बहुत अच्छा लक्ष्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भाग- क | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब | 2010-11 | 2011-12 |
| क-I स्थैतिक पैरामीटर | | | | | | | | | |
| (क) वित्तीय कार्यनिष्पादन संकेतक | | | | | | | | | |
| (i) सकल मार्जिन/सकल ब्लॉक | % | 0.02 | 15.83 | 15.27 | 14.75 | 14.26 | 13.77 | 17.13 | 15.27 |
| (ii) निवल लाभ/निवल मूल्य | % | 0.10 | 9.78 | 9.16 | 8.67 | 8.22 | 7.79 | 10.73 | 9.16 |
| (iii) सकल लाभ/लगाई गई पूंजी | % | 0.10 | 13.93 | 13.26 | 12.67 | 12.11 | 11.57 | 15.91 | 13.26 |
| (ख) वित्तीय संकेतक - आकार | | | | | | | | | |
| (i) सकल मार्जिन | करोड़ रुपए | 0.08 | 14013.17 | 13519.49 | 13084.29 | 12667.23 | 12264.64 | 13449.81 | 13519.49 |
| (ii) सकल बिक्री | करोड़ रुपए | 0.04 | 57609.15 | 56899.46 | 55676.97 | 54784.26 | 53906.74 | 45199.47 | 56899.46 |
| (ग) वित्तीय अभिलाभ, श्रमिक उत्पादकता और कुल अनुपात उत्पादकता | | | | | | | | | |
| (ii) पीबीडीआईटी/कुल रोजगार# | करोड़ रुपए/ रोजगार | 0.07 | 0.526 | 0.507 | 0.489 | 0.473 | 0.459 | 0.517 | 0.507 |
| (ii) वर्धित मूल्य | करोड़ रुपए | 0.09 | 6129.31 | 5669.60 | 5608.34 | 5548.71 | 5490.03 | 6854.00 | 5669.60 |

**टिप्पणी:**

1. वर्ष 2011-12 के लिए वित्तीय लक्ष्य लोक उद्यम विभाग की परिभाषाओं के आधार पर संगणित किए गए हैं।
2. वर्धित मूल्य/बिक्री के स्थान पर "वर्धित मूल्य" वर्ष 2010-11 के लिए कार्य बल के एमओएम के अनुसार रखा गया है।
3. वर्ष 2011-12 के लिए वित्तीय पैरामीटर के संगणन के लिए विचार किए गए नियत प्रमार का इक्विटी पर अभिलाभ (आरओई) संघटक मैट कर दर के साथ जोड़ा गया है, जिसका परिणाम लाभदायकता हुआ है और अन्य वित्तीय पैरामीटर काफी निम्न रहे हैं।
4. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग के दिशानिर्देश अथवा न्यायालय के आदेश में परिवर्तन होने के कारणटैरिफ अथवा वार्षिक प्रभारों के संशोधन के मामले में उसे मूल्यांकन के समय वास्तविक राशि से हटा दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, अगर यहां इसमें उल्लिखित कारणों से केन्द्रीय सरकारी उद्यम के वार्षिक लेखे में कोई बकाया माना जाता है तो उसे मूल्यांकन के प्रयोजन के लिए सकल बिक्री और सकल मर्जिन से हटा दिया जाएगा।

\# कुल रोजगार में सहायक कंपनियों और संयुक्त उपक्रमों में नियोजित मानवशक्ति शामिल नहीं है। .

| पैरामीटर | यूनिट | भार | पैरामीटर का पैमाना | | | | | ब.अ./बहुत अच्छा लक्ष्य | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब | 2010-2011 | 2011-2012 |
| **क (II) – गतिय पैरामीटर** | | | | | | | | | |
| i **परियोजना कार्यान्वयन मानदण्ड एनटीपीसी (अनुबंध-क)** | संख्या | 0.13 | अनुबंध-क के अनुसार मानदण्ड | | | | | * | * |
| ii. **मानव संसाधन विकास कार्यकलाप** (अनुबंध-ख) | संख्या | 0.05 | अनुबंध-ख के अनुसार | | | | | * | * |
| iii. नि.सा.उ. कार्यकलाप (अनुबंध-ग) | संख्या | 0.05 | अनुबंध-ग के अनुसार | | | | | * | * |
| iv. अनुसंधान और विकास कार्यकलाप (अनुबंध-घ) | संख्या | 0.05 | अनुबंध-घ के अनुसार | | | | | * | * |
| v. सतत विकास कार्यकलाप (अनुबंध-ङ) | संख्या | 0.05 | अनुबंध-ङ के अनुसार | | | | | * | * |
| vi निगम अधिशासन (अनुबंध-च) | % | 0.05 | अनुबंध-च के अनुसार | | | | | * | * |
| **भाग-ख विशिष्ट पैरामीटर** | | | | | | | | | |
| i. सकल उत्पादन | मि.यू. | 0.06 | 235000 | 232000 | 227000 | 224000 | 221000 | 219000 | 232000 |
| ii. उपलब्धता अनुपात δ,** | | | | | | | | | |
| कोयला स्टेशन | % | 0.05 | 89.5# | 88.5 | 87 | 86 | 85 | 87.5 | 88.5 |
| गैस स्टेशन | % | 0.01 | 87 | 85 | 84 | 83 | 82 | 85.5 | 85 |

δ वाणिज्यिक उत्पादन में कोयला और गैस स्टेशनों के लिए

* ये पैरामीटर सरकारी क्षेत्र के उद्यम अथवा विद्युत मंत्रालय की वार्षिक योजना में शामिल नहीं हैं

** उपलब्धता अनुपात (%) केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण की मौजूदा परिभाषा के अनुसार (प्रतिशतता के रूप में व्यक्त उन घंटों की संख्या जब मशीन संदर्भ अवधि के बार आउट पर उपलब्ध है)।

\# कोयले की उपलब्धता पर आधारित

## भाग-III

## भारत सरकार से प्रतिबद्धता/सहायता

**विद्युत मंत्रालय निम्नलिखित क्षेत्रों में एनटीपीसी की सहायता कर सकता है :**

**(1) वाणिज्यिक**

1.1 ''डेसू'' अवधि से संबंधित बकाया देयताओं के भुगतान के संबंध में मुद्दे का समाधान करना।

**(2) ईंधन सुरक्षा**

2.1 हजारीबाग-शिवपुर तोरी रेल लाइन, जो चट्टी-बरियातु और केरन्दारी ब्लॉक से कोयले की निकासी के लिए अपेक्षित है, के लिए वन संबंधी स्वीकृति के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने के लिए पर्यावरण और वन मंत्रालय के साथ मामला उठाना।

2.2 चट्टी-बरियातु, केरन्दारी और तलाईपल्ली के वन संबंधी स्वीकृति के प्रस्ताव पर शीघ्र कार्रवाई और स्वीकृति जारी करने के लिए।

2.3 दुलंगा ब्लॉक से संबंधित ''नहीं जाएं क्षेत्र'' के मुद्दे के समाधान और वन संबंधी स्वीकृति शीघ्र जारी करने के लिए।

2.4 एनटीपीसी की 12वीं योनजा की गैस परियोजनाओं के लिए प्राथमिकता पर घरेलू गैस के आवंटन के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के साथ मामला उठाने में।

2.5 फरक्का, कहलगांव को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए रेलवे की अवसंरचना के पुनर्बलन में सहायता करने के लिए।

2.6 निम्नलिखित संयोजित खानों को शीघ्र विकास के लिए कोयला मंत्रालय के साथ मामला उठाने के लिए :

(i) तालचर चरण-II (4x 500 मेगावाट) के लिए कनीहा और भुवनेश्वरी- वर्तमान स्थिति - आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति द्वारा स्वीकृत।

(ii) रिहंद चरण-II (2x 500 मेगावाट) से संयोजित अमलोरी विस्तार - वर्तमान स्थिति आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति द्वारा स्वीकृत।

(iii) विंध्याचल-III (2x 500 मेगावाट)से संयोजित निगाही विस्तार-II - वर्तमान स्थिति आर्थिक मामलों संबंधी मंत्रिमंडल समिति द्वारा स्वीकृत।

(iv) कहलगांव-II से संयोजित राजमहल विस्तार, चुपरभीता और हुर्रा-सी

2.7 12वीं योजना की स्थापित हो रही परियोजनाओं के लिए कोयला लिंकेज के आवंटन में सहायता करने के लिए।

**(3) राख उपयोगिता और ढुलाई**

3.1 राख की ढुलाई के लिए रेलवे के माल-भाड़ा रियायत को मौजूदा 120 की श्रेणी से 90 की श्रेणी तक लाना।

3.2 भूमिगत कोयला खानों की भराई के लिए राख की ढुलाई हेतु कोयला संरक्षण और विकास सलाहकार समिति (सीसीडीए) की आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए कोयला मंत्रालय और पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से मामला उठाना।

3.3 कृषि में राख के प्रयोग के लिए दिशानिर्देश जारी करने हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से मामला उठाना।

जबकि एनटीपीसी आवधिक रूप से समझौता ज्ञापन के लक्ष्यों की उपलब्धियों की समीक्षा करेगा, वहीं विद्युत मंत्रालय भी एनटीपीसी के साथ उसकी आवधिक रूप से समीक्षा करेगा।

**सामान्य :**

(क) पिछले समझौता ज्ञापन में एनटीपीसी को प्रदान की गई विभिन्न शक्तियों का प्रत्यायोजन प्रचालनीय रहेगा जहां तक उन्हें संशोधित नहीं किया गया है।

(ख) इस समझौता ज्ञापन के सभी उपबंध दोनों पक्षों नामतः सरकार (सभी संबंधित विभागों सहित) और एनटीपीसी द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय (विद्युत मंत्रालय) द्वारा प्रतिनिधित्व किए गए सरकार और एनटीपीसी द्वारा समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने पर तत्काल प्रभावी और प्रचालनीय हो जाते हैं।

(ग) इस समझौता ज्ञापन के सभी संगत उपबंध ऐसे समय जब तक इसे पक्षों के बीच परवर्ती समझौता ज्ञापन के हस्ताक्षर द्वारा संशोधित नहीं किया जाता, मार्च, 2012 के बाद लागू और प्रचालनीय रहेंगे।

**(अरूप राय चौधरी)**
**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
**एनटीपीसी लिमिटेड**

**(पी. उमाशंकर)**
**सचिव**
**विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार**

अनुबंध-क

## परियोजना कार्यान्वयन मानदंड

| क्रम सं. | मानदंड | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **सिम्हाद्रि-II (2x500 मेगावाट)** | | | | | | |
| 1. | एनडीसीटी-4 की तैयारी | जून, 2011 | जुलाई, 2001 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 |
| 2. | यू # 4 सीडब्ल्यू प्रणाली की तैयारी | जून, 2011 | जुलाई, 2001 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 |
| 3. | यू # 4 स्टीम ब्लोइंग पूरा होना | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 4. | यू # 4 टर्बाइन बॉक्स-अप | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 5. | यू # 4 कमीशनिंग (पूर्ण भार) | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | - |
| **सीपत- I (3x660 मेगावाट)** | | | | | | |
| 6. | यू # 2 स्टीम ब्लोइंग पूरा होना | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 |
| 7. | यू # 2 कमीशनिंग (पूर्ण भार) | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 |
| 8. | यू # 3 बॉयलर प्रज्जवलन | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 |
| 9. | यू # 3 टर्बाइन बॉक्स-अप | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 |
| 10. | यू # 3 टीजी ऑयल फ्लशिंग पूरा होना | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 |

| क्रम सं. | मानदंड | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | यू # 3 कोयले पर तुल्यकालन | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| 12. | यू # 3 कमीशनिंग (पूर्ण भार) | 7 मार्च, 2012 | 31 मार्च, 2012 | | | |
| **बाढ़ I (3x660 मेगावाट)** | | | | | | |
| 13. | यू # 1 सीलिंग गर्डर का उत्थापन पूरा होना | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 14. | यू # 2 बॉयलर उत्थापन प्रारंभ होना | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 |
| 15. | सीडब्ल्यू पम्प के मोटर का परीक्षण चालन यू # 3 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |
| 16. | यू # 3 प्रशीतन टावर की तैयारी | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 17. | यू # 3 बॉयलर उत्थापन प्रारंभ होना | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| **बाढ़ II (2x660 मेगावाट)** | | | | | | |
| 18. | यू # 4 बॉयलर जल परीक्षण | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 |
| 19. | यू # 5 ईएसपी उत्थापन प्रारंभ | अप्रैल, 2011 | मई, 2011 | जून, 2011 | जुलाई,201 | अगस्त, 2011 |
| 20. | यू # 5 बॉयलर दाब पुर्जों का उत्थापन प्रारंभ | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 |
| 21. | यू # 5 टीजी डेक कास्टिंग का पूरा होना | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर,, 2011 |

| क्रम सं. | मानदंड | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22. | यू # 5 कंडेसर का उत्थापन प्रारंभ होना | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 |
| 23. | यू # 5 टीजी उत्थापन प्रारंभ होना | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| **बोगाईगांव (3x250 मेगावाट)** | | | | | | |
| 24. | यू # 1 चिमनी के खोल का पूरा होना | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 |
| 25. | पहले प्रशीतन टावर का उत्थापन पूरा होना | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |
| 26. | पहले सीडब्ल्यू पम्प की तैयारी | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |
| 27. | यू #1 बॉयलर प्रज्जवलन | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| **मौदा (2x500 मेगावाट)** | | | | | | |
| 28. | चिमनी के खोल की ढलाई पूरा होना | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर,, 2011 |
| 29. | यू #1 बॉयलर प्रज्जवलन | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 30. | यू #1 टर्बाइन बॉक्स-अप | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 31. | यू #2 कंडेन्सर का उत्थापन प्रारंभ होना | जून, 2011 | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 |
| 32. | यू #2 टीजी उत्थापन प्रारंभ होना | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 33. | यू #2 बॉयलर जल परीक्षण | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |

| क्रम सं. | मानदंड | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रिहंद-III (2x500 मेगावाट) | | | | | | |
| 34. | यू #5 बॉयलर जल परीक्षण | जून, 2011 | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 |
| 35. | यू #5 चिमनी फ्लू कैन का उत्थापन पूरा होना | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |
| 36. | पहले सीडब्ल्यू पम्प की तैयारी . | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 37. | यू #6 कंडेन्सर का उत्थापन प्रारंभ होना | मई, 2011 | जून, 2011 | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 |
| 38. | यू #6 टीजी का उत्थापन प्रारंभ होना | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 |
| 39. | यू #5 टर्बाइन बॉक्स-अप | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |
| विंध्याचल- IV (2x500 मेगावाट) | | | | | | |
| 40. | यू #11 बॉयलर जल परीक्षण | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 |
| 41. | यू #11 चिमनी फ्लू कैन का उत्थापन पूरा होना | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 42. | पहले सीडब्ल्यू पम्प की तैयारी | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 43. | यू #12 कंडेन्सर का उत्थापन प्रारंभ होना | जून, 2011 | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 |
| 44. | यू #12 टीजी का उत्थापन प्रारंभ होना | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 |

| क्रम सं. | मानदंड | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45. | यू #11 टर्बाइन बॉक्स-अप | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| 46. | एक 500 मेगावाट की यूनिट (मौदा/विंध्याचल/रिहंद में से) की कमीशनिंग (पूर्ण भार) | 7 मार्च, 2012 | 31 मार्च, 2012 | | | |
| | **एनटीईसीएल वल्लूर (3x500 मेगावाट)** | | | | | |
| 47 | यू #1 कमीशनिंग | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |
| 48 | यू #2 चिमनी फ्लू का पूरा होना | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर,, 2011 |
| 49 | यू #2 टीजी बॉक्स-अप | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 50 | यू #2 बॉयलर प्रज्जवलन | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 51 | यू #2 कमीशनिंग | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |
| 52 | यू #3 बॉयलर जल परीक्षण | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| **एपीसीपीएल झज्जर (3x500 मेगावाट)** | | | | | | |
| 53 | यू #2 बॉयलर प्रज्जवलन | मई, 2011 | जून, 2011 | जुलाई, 2001 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 |
| 54 | यू #2 सीडब्ल्यू पम्प की तैयारी | जून, 2011 | जुलाई,201 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 |
| 55 | यू #2 कमीशनिंग | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |

| क्रम सं. | मानदंड | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 56 | यू #3 प्रशीतन टावर की तैयारी | जुलाई, 2011 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 |
| 57 | यू #3 टीजी बॉक्स-अप | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |
| 58 | यू #3 कमीशनिंग | 7 मार्च, 2012 | 31 मार्च, 2012 | | | |
| **कोलडैम (4x200 मेगावाट)** | | | | | | |
| 59 | सभी यूनिटों के बस डक्ट का उत्थापन पूरा होना | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 60 | यू #4 टर्बाइन बॉक्स-अप | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 |
| 61 | गैलरी ग्राउटिंग 175 किलोमीटर (संचयी) | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 62 | ईएल 625 मीटर तक की ऊंचाई का डैम | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 63 | 4.4 लाख घनमीटर (संचयी) तक स्पिलवे और पावर इनटेक कंक्रीटिंग | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| **तपोवन-विष्णुगाड (4x130 मेगावाट)** | | | | | | |
| 64 | एचआरटी के 8 किलोमीटर की खुदाई | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 65 | इन्वर्ट को छोड़कर 1 किलोमीटर एचआरटी का अस्तर पूरा करना | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| 66 | ऊपरी अवनत प्रेशर शाफ्ट के इस्पात का अस्तर पूरा करना | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| 67 | टर्बाइन (पहली यूनिट) का उत्थापन प्रारंभ | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |

## कोयला खनन

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **पकड़ी-बरवाडीह** | | | | | | |
| 1 | सीबीए अधिनियम के अधीन धारा-11 की अधिसूचना (फेज-IV ) | मई, 2011 | जून, 2011 | जुलाई,201 | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 |
| 2 | सीएचपी-I-कार्य प्रारंभ करना | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 |
| 3 | सीबीए अधिनियम के अधीन धारा-4 की अधिसूचना (फेज-V ) | अगस्त, 2011 | सितम्बर, 2011 | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर,, 2011 |
| **तलाईपल्ली** | | | | | | |
| 4 | एमडीओ - कार्य स्थल **पर संग्रहण** | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| **चट्टी-बरियातु (दक्षिण)** | | | | | | |
| 5 | कोयला मंत्रालय को खनन योजना की प्रस्तुति | अक्तूबर, 2011 | नवम्बर, 2011 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 |

**कुल मानदंड - 72**
**कुल भार : 13**

**<u>भारांश वितरण :</u>**
क्रम संख्या 5, 7, 12, 46, 47, 51, 55 और 58 पर कमीशन (पूर्ण भार) (संख्या में आठ) से संबंधित मानदंडों में से प्रत्येक का भार 0.75 होगा शेष 64 मानदंडों में से प्रत्येक का भार 0.109 होगा।

अनुबंध-ख

## मानव संसाधन विकास कार्यकलाप

| | कार्यकलाप | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संचालित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या | | | | | |
| क. | आंतरिक | 285 | 280 | 276 | 273 | 270 |
| ख. | बाह्य | 35 | 32 | 30 | 29 | 28 |
| 2 | प्रशिक्षित मानवदिवसों/कर्मचारी/वर्ष की संख्या | 7 | 6.5 | 6.0 | 5.5 | 5.0 |
| 3 | परियोजना प्रबंध प्रमाणीकरण (स्तर ग एवं घ) में दक्षता प्राप्त करने वाले कर्मचारियों की संख्या | 60 | 58 | 55 | 53 | 50 |

- सभी कार्यकलापों का बराबर भारांश है।

अनुबंध-ग

## निगम सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यकलाप

| | कार्यकलाप | भार | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कर-पश्चात लाभ के प्रतिशत के रूप में नि.सा.उ. कार्यकलापों पर व्यय | 1.0 | 0.5 | 0.4 | 0.3 | 0.2 | 0.1 |
| 2 | तीन (3) आईटीआई चालू करना, जिनके संबंध में ठेके को वित्तीय वर्ष 2010-11 में अंतिम रूप दिया गया। | 1.0 | 21-1-12 | 15.2.12 | 28.2.12 | 15.3.12 | 31.3.12 |
| 3 | तीन (3) नए आईटीआई के लिए स्थान की पहचान ओर ठेका दिया जाना। | 1.0 | 21-1-12 | 15.2.12 | 28.2.12 | 15.3.12 | 31.3.12 |
| 4 | पड़ोसी गांवों में महिलाओं को सिलाई मशीनें प्रदान करके ओर सिलाई में कुशलता उन्नयन कार्यक्रम संचालित करके स्वरोजगार के संवर्धन के लिए महिला सशक्तिकरण (शामिल किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या) | 0.5 | 300 | 250 | 200 | 150 | 100 |
| 5 | यक्ष्मा (टीबी) और फेफड़ों के कैंसर जैसे श्वसन रोगों का पता लगाने और उपचार करने के लिए स्थानीय गांवों में चिकित्सा शिविरों का संचालन। | 1.0 | 15 | 13 | 12 | 11 | 10 |
| 6 | विद्युत इंजीनियरी पाठ्यक्रम प्रदान करते हुए इंजीनियरिंग कालेजों की स्थापना- ठेका देना। | 0.5 | 15.2.12 | 28.2.12 | 10.3.12 | 15.3.12 | 31.3.12 |

- नि. सा. अ. कार्यकलापों का मूल्यांकन सीएसआर दिशानिर्देशों के आधार पर किया जाएगा।

**अनुबंध-घ**

## अनुसंधान और विकास एवं ऊर्जा प्रौद्योगिकी कार्यकलाप

| क्रम सं. | परियोजना | भार | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएसए आधारित कार्बन डाईऑक्साइड प्राप्ति प्रौद्योगिकी के नेत्रा में बेंच स्केल परीक्षण लूप का संस्थापन पूरा करना तथा उसकी कमीशनिंग | 0.5 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| 2 | फ्लाईएश के खनिजीकरण के माध्यम से प्रयोगिक संयंत्र कार्बन डाईऑक्साइड उपयोगिता का प्रयोगशाला स्तर परीक्षण और डिजाइन | 0.5 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 3 | नेत्रा में 40 टीआर सौर एचवीएसी संयंत्र के लिए उपस्कर की आपूर्ति और उत्थापन प्रारंभ करना | 0.5 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |
| 4 | एक स्टेशन में ऑनलाइन रसायन पैरामीटर अनुवीक्षण के लिए सॉफ्टवेयर का विकास और उसका परीक्षण | 0.5 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | |
| 5 | तीन किस्म के कंसन्ट्रेटरों के प्रावधान वाले 1 मेगावाट सौर तापीय अ. और वि. प्रायोगिक संयंत्र के लिए डिजाइन और व्यवहार्यता रिपोर्ट की तैयारी | 0.5 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |
| 6 | विस्तृत कार्बन डाईऑक्साइड प्राप्ति अध्ययन के लिए सूक्ष्म शैवाल स्टेन्स का अध्ययन और सूचीकरण - संख्या 10 | 0.5 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |
| 7 | लोक उद्यम विभाग के आगामी दिशानिर्देशों के अनुरूप अ. और वि. नीति का प्रारूप प्रबंधन को प्रस्तुत करना | 0.5 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 8 | लगभग 100 मेगावाट के गैसिफायर के लिए विणिर्दिष्टि को अंतिम रुप देना। | 0.5 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |
| 9 | कर-पश्चात लाभ की प्रतिशतता के रूप में अनुसंधान और विकास पर व्यय | 1.0 | 1.00% | 0.9% | 0.8% | 0.7% | 0.6% |

- अनुसंधान और विकास के कार्यकलापों का मूल्यांकन स्वतंत्र संस्था द्वारा किया जाएगा।

## सतत विकास के कार्यकलाप

| क्रम सं. | कार्यकलाप | भार | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **आरजीजीवाई के कार्यकलाप** | | | | | | |
| 1 | आरजीजीवाई के अधीन तैयार किए जाने वाले अविद्युतीकृत गांवों की संख्या | 0.5 | 252 | 225 | 200 | 175 | 150 |
| 2 | बीपीएल परिवारों को प्रदान किए जाने वाले बीपीएल कनेक्शनों की संख्या | 0.5 | 68000 | 62000 | 56000 | 52000 | 46000 |
| 3 | ग्राम ऊर्जाकरण के लिए संचयी लक्ष्य | 2.0 | 14551 | 12805 | 11268 | 9916 | 8726 |
| | **अन्य कार्यकलाप** | | | | | | |
| 4 | राख उपयोगिता % | 0.5 | 55 | 50 | 48 | 46 | 44 |
| 5 | एनटीपीसी के लिए सततता रिपोर्ट की तैयारी | 0.5 | दिसम्बर, 2011 | जनवरी, 2012 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | |
| 6 | एसडी पर बजट का उपयोग (3 करोड़ रुपए) | 0.5 | 100% | 90% | 80% | 70% | 60% |
| 7 | निम्न ऊर्जा अवशोषण भवन आवरण डिजाइन का अध्ययन कार्य | 0.5 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |

# निगम अधिशासन कार्यकलाप

| क्रम सं. | कार्यकलाप | भार | उत्कृष्ट | बहुत अच्छा | अच्छा | औसत | खराब |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निदेशक मंडल की उप-समिति की बैठकों की संख्या | 2 | 10 | 9 | 8 | 7 | 6 |
| 2 | दिनांक 31 मार्च, 2011 को लंबित लेखापरीक्षा पैरों का निपटान (%) | 1 | 95 | 90 | 85 | 80 | 75 |
| 3 | पीई सर्वेक्षण और जुर्माने के लिए पूर्ण आंकड़ा-पत्रक लोक उद्यम विभाग को प्रस्तुत करने की तारीख | 1 | 15.9.2011<br>- | 1.10.2011<br>- | 15.10.2011<br>(0.25) | 31.10.2011<br>(0.50) | 31.10.2011 के बाद<br>(1.00) |
| 5 | आचरण संहिता की आंतरिक समीक्षा और कार्यान्वयन | 1 | फरवरी, 2012 | मार्च, 2012 | | | |

अनुबंध-X

## एनटीपीसी द्वारा स्व-घोषणा/प्रमाणीकरण

एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि वित्तीय पैरामीटरों से संबंधित लक्ष्यों को वर्ष 2011-12 के लिए समझौता ज्ञापन के दिशानिर्देशों में निर्धारित परिभाषाओं को अपनाते हुए निकाला गया है। अगर कार्यनिष्पादन के आकलन के समय कोई विपथन पाया जाता है तो लोक उद्यम विभाग समझौता ज्ञापन के दिशानिर्देशों के अनुसार लेखापरीक्षित लेखे के अनुसार मूल्यांकन करने के लिए स्वतंत्र है। केंद्रीय सरकारी क्षेत्र उद्यम को इस संबंध में दावा करने का कोई अधिकार नहीं है।

अनिल आहूजा

(ए. के. आहूजा)

**कार्यकारी निदेशक (निगम आयोजना)**